**Subject – HINB**

**(Over View and Objective)**

अवलोकन

पश्चिम बंग उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद की पाठ्यचर्या 2024 के हिंदी भाषा व साहित्य 'ब' पर विचार एवं पुनर्संयोजन कार्य करते हुए हमारी टीम का ध्यान उसे विद्यार्थी की ओर केंद्रित हुआ जिसने अपने 10 वर्षीय विद्यालयीन शिक्षा में किसी हिंदीतर भाषा को करीब से जाना और अभिव्यक्त किया है। हिंदी उसके पठन-पाठन की द्वितीय भाषा है जिसमें विचार करने की प्रक्रिया से वह कम ही गुजरता होगा। यह एक चुनौती पूर्ण कार्य है कि ऐसे विद्यार्थी के मन में (हिंदी जो कि पूरे देश में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है) हिंदी की जड़ों को आरोपित किया जाए। एक ऐसा पाठ्यक्रम उसके सामने उपस्थित किया जाए जो उसे रोचक भी लगे और भाषाई कौशल ,बौद्धिक क्षमता तथा भारतीय प्रायद्वीप के जन-जन से जुड़ी हिंदी को आत्मसात करने में सहायक हो सके।

उद्देश्य

- विगत दिनों में हुई कोविड महामारी का प्रभाव सबसे अधिक विद्यार्थियों पर पड़ा ।शिक्षा का ग्राफ निम्नगामी होता चला गया ,उसको उर्ध्व तक वापस पहुंचाना हमारा सबसे पहला ध्येय है।

- भाषा साहित्य का यह पाठ्यक्रम विद्यार्थी के लिए नवीन संभावनाएं तलाशने में मददगार हो और उनके सोचने समझने तथा अभिव्यक्त करने की क्षमता में अभिवृद्धि ला सके।

- नवीन शिक्षा नीति के अनुसार अतिरिक्त बोझ बढ़ाएं बिना विद्यार्थी को रचनात्मक अनुभव अधिगम प्रदान करना।

- वर्तमान समय 'डिजिटल युग' कहला रहा है, ऐसे समय में मानव का जीवन बहु -आयामी चुनौतियों को अपने सम्मुख देख रहा है। उसे इन चुनौतियों से जीतने के लिए दक्षता हासिल करनी होगी और इसके लिए उसे भाषा व साहित्य को माध्यम बनाकर सब कुछ सीखना होगा। हमारा प्रयास है कि विद्यार्थी को भाषा की वह जमीन दे सके जिस पर चलकर वह अपने लक्ष्य तक पहुंच सके।

- साहित्य समाज का दर्पण माना जाता है जिसमें हिंदी और हिंदीतर भाषाओं के साहित्य का पूर्ण योगदान है। हमारा प्रयास है कि हिंदीतर भाषाओं के साहित्य को भी इस पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए।

- अंत में इस बात को स्पष्ट कर देना अति आवश्यक है कि पिछले पाठ्यक्रम में हिंदी 'ब' विषय में सिर्फ आधार पुस्तक ही रह गई थी जबकि इसके पूर्व आधार(text book)के साथ एक पूरक पुस्तक(rapid reader) भी हुआ करती थी। हमारी टीम ने देश के अन्य राज्यों तथा राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद( NCERT ) के अध्ययन में पाया कि इन सभी में पूरक पुस्तक अभी भी पाठ्यक्रम में शामिल हैं। अतः हमने उसे पुनः पाठ्यक्रम में शामिल करना उचित समझते हुए उसे पाठ्यक्रम का अंग बनाया है।

## Class XI

## Semester – I

## HIN B

**Full Marks : 40**

**Sub Topic :**

| Units | Contents | Marks | Hours |
|---|---|---|---|
| Unit – 1<br>साहित्य क<br>काव्य | 1. सूरदास- पद<br>2. रहीम- दोहे<br>3. मैथिली शरण गुप्त -कैकई का अनुताप<br>4. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'- स्नेह निर्झर बह गया | **1 x 10 = 10** | **24** |
| Unit – 1<br>साहित्य ख<br>गद्य | 1. दिनकर- अर्धनारीश्वर<br>2. प्रेमचंद पुत्र प्रेम<br>3. बनफूल- दूध का दाम | **1 x 10 = 10** | **21** |
| Unit – 2<br>नाटक<br>(पूरक पाठ) | शंकर शेष- एक और द्रोणाचार्य (प्रथम अंक) अथवा सर्वेश्वर दयाल सक्सेना -बकरी (प्रथम अंक) | **1 x 5 = 5** | **20** |
| Unit – 3<br>अपठित बोध | काव्य अथवा गद्य | **1 x 5 = 5** | **10** |
| Unit – 4<br>व्याकरण | 1. उपसर्ग<br>2. प्रत्यय<br>3. कारक<br>4. मुहावरे<br>5. अशुद्धि संशोधन | **1 x 5 = 5** | **20** |
| Unit – 5<br>पारिभाषिक शब्द | कुल -50 | **1 x 5 = 5** | **5** |
| | **Page Total** | **40** | **100** |

**Class XI**

**Semester – II**

**HIN B**

**Full Marks : 40**

**Sub Topic :**

| Units | Contents | Marks | Hours |
|---|---|---|---|
| Unit – 1<br>साहित्य क<br>काव्य | 1. अज्ञेय -बावरा अहेरी<br>2. बच्चन- निशा निमंत्रण<br>3. मुक्तिबोध- मैं उनका ही होता<br>4. नागार्जुन - प्रेत का बयान | **2 x 2 = 4**<br>**3 x 1 = 3**<br>**5 x 1 = 5**<br>**12** | **24** |
| Unit – 1<br>साहित्य ख<br>गद्य | 1. हजारी प्रसाद द्विवेदी -शिरीष के फूल<br>2. भीष्म साहनी- झुटपुटा<br>3. फणीश्वर नाथ रेणु -पहलवान की ढोलक | **2 x 2 = 4**<br>**3 x 1 = 3**<br>**5 x 1 = 5**<br>**12** | **21** |
| Unit – 2<br>नाटक<br>(पूरक पाठ) | 1.शंकर शेष- एक और द्रोणाचार्य<br>2.अथवा सर्वेश्वर दयाल सक्सेना -बकरी (द्वितीय अंक) | **3 x 2 = 6**<br>**5 x 1 = 5**<br>**11** | **20** |
| Unit – 3<br>रचना | 1. पत्र लेखन<br>2. अनुच्छेद लेखन<br>3. भाव विस्तार | **5 x 1 = 5** | **15** |
| | **Page Total** | **40** | **80** |
| | | | |
| | | | |

COURSE CODE

**HIN A & HIN B**

PROJECT

CLASS-XI (SEMESTER II)

FULLM MARKS :20 (PROJECT REPORT – MAXIMUM PAGES 20 TO 25 )

विद्यार्थी अपनी इच्छानुसार निम्नांकित विषयों में से एक परियोजन द्वितीय सेमेस्टर में प्रस्तुत करें :

क ) किसी कहानी / लोक कथा /प्रसंग का नाट्य रूपांतरण अथवा रेडियो नाट्य रूपांतरण की हस्तलिखित प्रस्तुति ।

ख ) किसी एक तात्कालिक समस्या जैसे :

अ )जनसंख्या विस्फोट :देश की विकराल समस्या ।

ब ) भूमंडलीय ऊष्मीकरण (ग्लोबल वार्मिंग ) ।

स)महासागरों का बढ़ता जलस्तर :खतरों की दस्तक का विस्तृत विवरण (कारण -निवारण सहित ) ।

ग )हिंदी की उपभाषाएँ एवं उसकी बोलियाँ ( विस्तृत लेखन ) ।

घ )डायरी और हम -डायरी लिखने की शैली , उद्देश्य ,किसी विज्ञ व्यक्ति की डायरी के कुछ अंश और अपनी दस दिन की दिनचर्या को डायरी में अंकित करें।

ङ ) मेरे प्रिय साहित्यकार :व्यक्तित्व एवं कृतित्व (विस्तृत लेखन) ।